**The Speaker made an announcement regarding welcoming H.E. Mr Abdul Raheem Abdulla,Speaker of People?s Majilis of the Republic of Maldives and Member of Parliamentary Delegation**

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मुझे आप सबको यह सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हमारे सदन के विशिष्ट बॉक्स में मालदीव गणराज्य की पीपुल्स मजलिस के स्पीकर श्री अब्दुल रहीम अब्दुल्ला जी के नेतृत्व में मालदीव गणराज्य का संसदीय शिष्टमंडल उपस्थित है ।

मैं अपनी ओर से तथा सदन के सभी माननीय सदस्यों की ओर से उनका हार्दिक स्वागत करता हूं । माननीय श्री अब्दुल रहीम और उनके उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल की यात्रा भारत-मालदीव संबंधों की गहराई का प्रतीक है । उनकी यह यात्रा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करेगी ।

हम भारत में उनके सुखद, सफल एवं मंगलमय प्रवास की कामना करते हैं । उनके माध्यम से हम मालदीव की संसद तथा वहाँ की मित्रवत जनता को भी शुभकामनाएं देते हैं ।

---